आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार11.11.2024
समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री ने कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रदेशवासियों और उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटकों से किए गए नौ आग्रहों को राज्य सरकार विकास का आधार बनाएगी।
- देहरादून के सभी सरकारी स्कूलों में समाचार पत्र, मैगज़ीन, शब्दकोश और महापुरुषों की जीवनियाँ अनिवार्य रुप से रखी जांएगी।
- राजकीय उप जिला चिकित्सालय, ऋषिकेश के आई.सी.यू का संचालन 15 दिन के भीतर शुरू करने के निर्देश।
- हरिद्वार जिले में आज शाम हरकी पैड़ी पर भव्य गंगा दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

प्रधानमंत्री संदेश–राज्य के विकास का आधार

राज्य सरकार प्रधानमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड स्थापना दिवस पर राज्य की जनता और प्रदेश में आने वाले पर्यटकों से किए गए नौ आग्रहों को विकास का आधार बनाएगी। राज्य स्थापना दिवस पर अपने संदेश में श्री मोदी ने राज्य की बोली–भाषा का संरक्षण करने के साथ ही पलायन को लेकर चिंता जाहिर की थी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार बोली भाषाओं के संरक्षण के लिए पहले ही क्षेत्रीय बोली की फिल्मों के निर्माण पर विशेष प्रोत्साहन दे रही है। लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सरकार विभिन्न मेलों को सहायता प्रदान कर रही है। इगास और हरेला पर्व अब धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र में पलायन को रोकने और पर्यटन का मजबूत करने के लिए होम स्टे में पारंपरिक शैली के घरों को बढ़ावा दिया जा रहा है। श्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड में प्राकृतिक जल की स्वच्छता और शुद्धता बनाए रखने के लिए प्रधानमंत्री की अपील के क्रम में सरकार व्यापक अभियान शुरू करेगी। इसके लिए उत्तराखंड के धारे, नौलों और छोटी नदियों का विशेष तौर पर संरक्षण किया जाएगा।

निर्देश

राजधानी देहरादून के प्रत्येक विद्यालय में समाचार पत्र, मैगज़ीन, शब्दकोश और महापुरुषों की जीवनियाँ अनिवार्य रुप से रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। इससे बच्चे व्यवसायिक शिक्षा के साथ महापुरूषों की जीवनी से भी परिचित हो सकेंगे।

देहरादून की सरकारी स्कूलों के बच्चों को आधुनिक सुविधा व पढाई के साथ ही खेल के लिए अच्छा माहौल उपलब्ध कराने के लिए देहरादून जिला प्रशासन विशेष प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में जिलाधिकारी सविन बंसल के साथ ओएनजीसी तथा आवास और शहरी विकास निगम—हुडको के अधिकारियों तथा प्रतिनिधियों द्वारा अलग—अलग बैठकों में स्कूलों में उपकरणों की उपलब्धता और अवस्थापना के लिए सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को ब्लॉकवार अवस्थापना सुविधाओं को विकसित करने के लिए चिन्हित स्कूलों की सूची प्रेषित करने को कहा। इसके लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है।

जिले के सभी स्कूलों में एलईडी स्मार्ट टीवी, फर्नीचर, डेस्क आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए हुडको जिला प्रशासन का सहयोग करेगा। जिलाधिकारी ने इसका प्रस्ताव भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

निकाय चुनाव

उत्तराखंड में आगामी निकाय चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों की तैयारी तेज हो गई है। इसी कड़ी में कांग्रेस मुख्यालय देहरादून में कांग्रेस नेताओं की बैठक आयोजित की गई। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निकाय चुनाव की तैयारी पर मंथन किया गया। सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि पार्टी निकाय चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। सरकार पर निशाना साधते हुए श्री धस्माना ने कहा कि राज्य सरकार निकाय चुनाव हार के डर से नही करा रही है।

वहीं बीजेपी प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने कांग्रेस के इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि सरकार निकाय चुनाव के लिए तैयार है।

गौरतलब है कि प्रदेश के सौ नगर निकायों का पांच वर्ष का कार्यकाल पिछले साल दो दिसंबर को खत्म होने के बाद इन्हें प्रशासकों के हवाले कर दिया गया था। इसके बाद राज्य सरकार ने जून 2024 में तीन माह के लिए प्रशासकों का कार्यकाल बढ़ा दिया था, जिसके बाद प्रशासकों का यह कार्यकाल सितंबर माह में पूरा हो रहा था। लेकिन सरकार ने अगस्त माह में एक बार फिर तीन माह के लिए प्रशासकों का कार्यकाल बढ़ा दिया है।

संयुक्त राष्ट्र जलवायु

संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में देव संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। जलवायु परिवर्तन जैसी व्यापक चुनौती से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा अजरबैजान की राजधानी बाकू में 22 नवंबर तक संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में दुनियाभर के नेता और विशेषज्ञ शामिल होंगे। इस विशेष सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विचार—विमर्श कर उनका समाधान ढूंढना है।

गौरतलब है कि पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर डॉ. पंड्या लंबे समय से कार्य कर रहे हैं।

नाराज़गी

राजकीय उप जिला चिकित्सालय ऋषिकेश का आई.सी.यू बंद होने पर देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने कड़ी नाराज़गी जताई है। उन्होंने 15 दिन के भीतर आईसीयू संचालन करने के निर्देश दिए हैं। ऐसा नही करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। राजकीय उप जिला चिकित्सालय, ऋषिकेश प्रबन्धन समिति बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं और सेवाओं का लाभ जनमानस को देना चिकित्सकों का ध्येय होना चाहिए।

जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में बल्ड बैंक की अलग से यूनिट की स्वीकृति देते हुए इसके चौबीस घंटे संचालन के लिए पद न होते हुए भी चार लैब टैक्निशियन और चार लैब सहायक के लिए मस्ट्रोल पर कार्मिकों की तैनाती की स्वीकृति दी।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी को अस्पताल का संयुक्त निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को आसान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में किसी भी तरह के उपकरणों की कमी नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में आम लोगों के लिए व्यापक सुविधांए उपलबध कराने पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए धन की कमी नहीं होने दी जाएगी।

गंगा दीपोत्सव

हरिद्वार जिले में आज शाम हरकी पैड़ी पर भव्य गंगा दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान तीन लाख से अधिक दीये गंगा घाट पर जलाये जाएंगे। साथ ही भव्य ड्रोन शो और भजन संध्य कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। दीपोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत हरकी पैड़ी पर आज शाम 5 बजकर 55 मिनट से 6 बजकर 25 बजे के बीच 500 ड्रोन से भव्य और आकर्षक ड्रोन शो का प्रदर्शन होगा, जबकि नगर निगम और विभिन्न संगठनों के सहयोग से साढ़े छह बजे हरिद्वार के 50 घाटों पर लगभग साढे तीन लाख दीपक जलाए जायेंगे। इसके बाद शाम 6 बजकर 50 मिनट पर भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

इस बीच, गंगा दीपोत्सव के लिए सभी घाटों को 50 सेक्टर और 9 जोन में विभाजित किया गया है। इसके लिए सभी सेक्टर और जोनल अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि आयोजन के सफल संपादन के लिए जिलास्तरीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

उत्तरकुंजी जारी

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने 26 अक्तूबर को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा–2023 के प्रथम प्रश्नपत्र की उत्तरकुंजी आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी है।

आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि यदि किसी अभ्यर्थी को किसी प्रश्न और उत्तर के विकल्प पर कोई आपत्ति है, तो वह आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आंसर की ऑब्जेक्सन पर जाकर आपत्तियों को 15 नवंबर से पहले तक दर्ज करा सकते हैं। आपत्ति करते समय अभ्यर्थी को प्रति प्रश्न पचास रुपये शुल्क का भुगतान करना होगा।

राष्ट्रमण्डल संसदीय सम्मेलन

राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय सह–कोषाध्यक्ष, भाजपा डॉक्टर नरेश बंसल ने आस्ट्रेलिया में 67वें राष्ट्रमण्डल संसदीय सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री बंसल ने कहा कि भारत में महिलाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के साथ ही मानव तस्करी पर रोकथाम लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार कई योजनांए चला रही है।

डॉक्टर बंसल ने आस्ट्रेलिया के सिडनी मे कामनवेल्थ पार्लियामेंटरी ऐसोसिएशन की नई कार्यकारिणी चुनाव मे भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए भारत की तरफ से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि कामनवेल्थ पार्लियामेंटरी कान्फ्रेंस मे लगभग 56 देशो के विभिन्न स्तर के उपस्थित प्रतिनिधिमंडल ने अनेक जनहित के समसामयिक विषयो पर महत्वपूर्ण चर्चा की जिसके परिणाम भविष्य मे दिखाई देगे।

एक नज़र आज के समाचार पत्र की सुर्खियों पर

सभी समाचार पत्रों ने आज अलग–अलग सुर्खियों को अपने मुख्य पृष्ठ पर स्थान दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ आग्रहों को विकास का आधार बनाने की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रतिबद्धता को सभी अखबारों के प्रमुखता के साथ दिखाया है। अमर उजाला की खबर है– पीएम के नौ आग्रह बनेंगे राज्य के मूल मंत्र।

जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों के साथ सेना की मुठभेड़ पर हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– किश्तवाड़ में आतंकियों से मुठभेड़ में जेसीओ शहीद, तीन जवान घायल।

राजधानी में वायु प्रदूषण पर हिंदुस्तान समाचार का शीर्षक है– संकटः दून की हवा और खराब हुई, मरीजों की मुश्किलें बढेंगी, देहरादून में औसत ए.क्यू.आई तीन सौ के करीब पहुंचा।

गंगा महोत्सव के आयोजन की ख़बर भी अखबारों की सुर्खियों में है। नवोदय टाइम्स लिखता है– पांच सौ ड्रोन ने एक साथ किया हरकी पैड़ी पर शो का रिहर्सल।

उत्तराखंड युवा महोत्सव को सचित्र दिखाते हुए हिंदुस्तान ने लिखा है– उत्तराखंड युवा महोत्सव में पांड्वाज की प्रस्तुति ने मचाया धमाल।